दिन– रविवार | दिनांक– 04 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दो हजार चौदह के बाद से खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है।

02 पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ दर्ज आईआरसीटीसी घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट कल करेगा सुनवाई।

03. भारत ने वेनेजूएला के घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय नागरिकों को वहां की गैर जरूरी यात्रा टालने की सलाह दी।

04. और, प्रदेश के लोगों को कड़ाके की ठंढ से राहत नहीं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर कुहासा छाये रहने का अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दो हजार चौदह के बाद खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। प्रधानमंत्री ने आज उत्तरप्रदेश के वाराणसी में, बहत्तरवें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत दो हजार छत्तीस में ओलिंपिक खेलों की मेज़बानी का प्रबल दावेदार है।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने खेल के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल अधिनियम और खेलो भारत नीति दो हजार पच्चीस से खेलों में पारदर्शिता बढ़ी है और सही प्रतिभा को अवसर भी मिल रहा है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वॉलीबॉल हमें टीम स्पिरिट से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि आज देश कौशल और युवाओं की प्रतिभा के बल पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

———बाइट———

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा भ्रष्टाचार का एक पर्याय बन चुका था, जहां श्रमिकों को दरकिनार करके उनका शोषण किया जाता था। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण–जी राम जी क़ानून को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी मनरेगा की नहीं, बल्कि इसमें हो रहे भ्रष्टाचार की रक्षा करना चाह रही है।

–––बाइट–––

विकसित भारत जी–राम–जी योजना बहुत बड़ा रिफॉर्म है। इसमें भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करके, नई टेक्नॉलोजी का इस्तेमाल करके केवल मजदूरों के हितों को मजबूत किया गया है और विकास सुनिश्चित किया गया है। मुझे कांग्रेस से अपील है कि वह भ्रम न फैलाए, झूट न फैलाए, बलकि इस योजना को बेहतर बनाने के लिए धन्यवाद दें।

श्री चौहान ने कहा कि विशाल बजट के बावजूद, मनरेगा ने किसी स्थायी संपत्ति सृजन या गांवों के दीर्घकालिक विकास को बढावा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि नए विधेयक से श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे गांवों में सार्थक योगदान भी दे सकेंगे।

–––बाइट–––

बहुत बेहतर ढंग से विकसित भारत जी–राम–जी योजना में संरक्षित किया गया है। सौ दिन की बजाए सवा सौ दिन रोजगार की गारंटी है। बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को मजबूत कर दिया है। मांगने पर काम नहीं तो बेरोजगारी भत्ता पुख्ता, अब विलम्बित मजदूरी के भुगतान पर दंड का प्रावधान अतिरिक्त पैस देना पडेगा। मजदूरों को काम मिले यह प्राथमिकता है, लेकिन उसके साथ–साथ इस विशाल धनराशि से गांव में विकास के काम हो। विकसित भारत के लिए विकसित गांव और इसके लिए धनराशि बढ़ाई गई है। इसी साल जो प्रस्तावित है जो नया वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होने वाला है, एक लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपया।

इधर, कृषि मंत्री ने जानकारी दी है कि वर्ष दो हजार पच्चीस में भारत का चावल उत्पादन डेढ़ सौ मिलियन टन से अधिक रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने चावल उत्पादन के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है।

विदेश मंत्रालय ने हालिया घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नागरिकों से वेनेजुएला की सभी गैर–जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह जारी की है। वेनेजुएला में मौजूद सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अपनी गतिविधियों को सीमित

करने और कराकस स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। दूतावास का ईमेल cons.caracas@mea.gov.in है और आपातकालीन फोन नंबर पांच आठ चार एक दो नौ पांच आठ चार दो आठ आठ है।

---

आईआरसीटीसी घोटाले में लालू प्रसाद यादव ने ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोप तय किए जाने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनकी याचिका पर कल दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा की एकल पीठ सुनवाई करेगी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अक्टूबर दो हजार पच्चीस में इस घोटालें में लालू यादव के खिलाफ आरोप तय किए थे। ट्रायल कोर्ट का मानना था कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, जिसके आधार पर मुकदमा चलाया जा सकता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि अदालत जो भी आदेश देगा, उसे सभी को मानना होगा।

———बाइट———

---

सरकार ने उस वीडियो को फर्जी बताया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोना, मोबाइल फोन, दोपहिया और चार पहिया वाहन जैसी वस्तुएं मुफ्त देने की घोषणा की है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट के अनुसार प्रधानमंत्री ने ऐसी कोई भी घोषणा नहीं की है। कार्यालय ने बताया है कि यह वीडियो एआई से बनाया गया है। सरकार ने लोगों से ऐसी किसी भी गलत सूचना पर विश्वास न करने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

---

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तरी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, आज पूरे दिन प्रदेश के अनेक स्थानों पर घना कुहासा छाया रहा। पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता पचास मीटर दर्ज की गई। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान आठ दशमलव दो डिग्री सेल्सियस छपरा में दर्ज

किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अगले दो से तीन दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों में मध्यम से घना कुहासा छाये रहने की संभावना जताई है।

---बाइट---

इधर, घने कोहरे के चलते दृश्यता कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से काफी देर से चल रही हैं। वहीं, पटना, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई उड़ानों को रिशेड्यूल किया गया है।

---

बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए अरवल और बक्सर जिला प्रशासन ने आठवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को आठ जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। आठवीं से ऊपर की कक्षाओं का संचालन दस बजे से साढ़े तीन बजे तक किया जायेगा। वहीं, अररिया जिला प्रशासन ने भी आठवीं कक्षा तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर छह जनवरी तक रोक लगा दी है।

---

तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुशवाहा के निर्देश पर वैशाली पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा ने अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के आरोप में लालगंज के थानाध्यक्ष संतोष कुमार और सब–इंस्पेक्टर सुमन कुमार झा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पिछले तीस दिसंबर को लालगंज पुलिस ने बिलनपुर गांव के रामप्रीत सहनी के घर पर चोरी के सामान की जानकारी पर छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में सोने–चांदी के जेवर और नकदी बरामद की थी। इन सामानों की जब्ती सूची बनाकर उन्हें मालखाने में जमा करने की जगह थानाध्यक्ष संतोष कुमार और सब–इंस्पेक्टर सुमन कुमार झा ने आपस में बांट लिया था। डीआईजी की जांच में पोल खुलने के बाद यह कार्यवाही की गई है।

---

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शकुनी चौधरी के नब्बेवें जन्मदिन के अवसर आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित शकुनी चौधरी के आवास पहुंच कर उन्हें बधाई दी और अच्छी स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शकुनी चौधरी के बेटे और राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी जिस तरह से अपनी जिम्मेदारियों को निभा रहे हैं, वह प्रशंसनीय है। इस अवसर पर बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

सोन नहर में पानी पहुंचने से कैमूर के किसानों के लिए गेहूं की सिंचाई आसान हो गई है। नहर में पानी नहीं आने के कारण किसान डीजल पंप और मोटर चलाकर सिंचाई कर रहे थे। सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इंद्रपुरी बराज से सोन नहर में पानी छोड़ा गया है। कृषि विभाग ने कैमूर में इस बार लगभग एक लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि में गेहूं की बुआई का लक्ष्य निर्धारित किया है।

---

आज विश्व ब्रेल दिवस है। यह दिवस ब्रेल लिपि के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। ब्रेल लिपि पूर्ण दृष्टि बाधित और आंशिक रूप से दृष्टि बाधित लोगों के मानवाधिकारों की पूर्ण अनुभूति से संपर्क का माध्यम है। लूईस ब्रेल ने वर्ष अठारह सौ नौ में ब्रेल लिपि का आविष्कार किया था। इस अवसर पर पटना सहित प्रदेश के विभिन्न नेत्रहीन विद्यालयों और संस्थानों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा कल भागलपुर में आम लोगों की शिकायतों की सुनवाई करेंगें। जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने बताया है कि उपमुख्यमंत्री विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे।

---

पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश आज दो दिवसीय दौरे पर सीवान पहुंचे। उन्होंने दरौंदा प्रखंड में निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया।

---

पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के दुबौलिया गांव में भूमि विवाद के दौरान पुलिस पर हमला के मामले में चौदह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

---

अररिया के जोगबनी स्थित भारत–नेपाल सीमा से एसएसबी छब्बीसवीं बटालियान की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में एसएसबी के जवानों, स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

---

औरंगाबाद में आज से पन्द्रहवां अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दो हजार चौदह के बाद से खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है।

02 पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ दर्ज आईआरसीटीसी घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट कल करेगा सुनवाई।

03. भारत ने वेनेजूएला के घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय नागरिकों को वहां की गैर जरूरी यात्रा टालने की सलाह दी।

04. और, प्रदेश के लोगों को कड़ाके की ठंढ से राहत नहीं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर कुहासा छाये रहने का अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त